# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹81288/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹99280/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹108373/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels

Pandri, Raipur


आस्था के रंग

सिर्री के चंदन नवरात्रि में प्रतिदिन 4 चम्मच दुर्वा रस का कर रहे सेवन

## अटूट आस्था...कील के बिछौने पर लेटकर जलाई अखंड ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री

शारदीय नवरात्रि में भक्त माता के प्रति विभिन्न तरीकों से अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। इसी तारतम्य में धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिर्री में एक भक्त ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का अनोखा तरीका अपनाया है। टिकरापारा निवासी 31 वर्षीय चंदन सुपल भगत ने अपने सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की है। 22 सितंबर को नवरात्रि के शुभारंभ दिवस पर गोधूलि बेला में किलों से बने बिछौने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अनोखी आस्था, दर्शन करने पहुंच रहे लोग

सन 2016 और 2017 में मरकाटोला रानीमाई चारामा के कंकालीन मंदिर में सीने में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। 2023 से 2025 तक वर्तमान में 3 साल ग्राम सिर्री के अपने निवास में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। माता दुर्गा के प्रति अनोखी आस्था ▶▶| शेष पेज 7 पर

अलग खबर

## पेट पर बोया जंवारा, ज्योति कलश के साथ 9 दिन आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/उतई

शारदीय नवरात्रि के दौरान शहर से लेकर गांव तक भक्त मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं। हर तरफ देवालय भक्ति से सराबोर है। इस बीच माता की एक भक्त वैष्णवी साहू ने शरीर को कष्ट देते हुए 9 दिन की अनोखी आराधना शुरू की है। दुर्ग जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित गांव कातरों में कुंवारी माता के नाम से पहचानी जाने वाली वैष्णवी ने पेट में जवारा बोया है, इतना ही नहीं, उसने उसके ऊपर ज्योति कलश स्थापित किया है। नवरात्रि के पहले दिन कुंवारी माता ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 14 साल की उम्र से वह माता की भक्ति में डूबी

वैष्णवी के पिता प्रमोद साहू का निधन हो चुका है। वे अपनी मां प्यारी साहू के साथ रहती हैं। 14 साल की उम्र से वह माता की भक्ति में डूबी हुई हैं। पहले गांव के लोग उनके पास समस्या लेकर पहुंचते थे। वह लोगों को भक्ति का मार्ग बताकर उनकी समस्याओं का निराकरण करती थीं। धीरे-धीरे उनकी प्रसिद्धि बढ़ती गई। आज यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चित बंगाल, मुंबई, ▶▶| शेष पेज 7 पर

कोर्ट से आदेश जारी, इससे पहले ईडी ने 39 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की थी

# सौम्या की 8 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क ईओडब्ल्यू के इतिहास में यह पहली कार्रवाई

*छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले से जुड़े मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की अर्जी पर विशेष कोर्ट ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की 8 करोड़ रुपए की 16 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने यह आदेश धारा 13 (1) बी, 13 (2) पीसीएक्ट 1988 के तहत दर्ज मामले में जारी किया है। आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो की कुर्की जैसी यह पहली कार्रवाई है। इससे पहले ईडी ने 39 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में एक प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें बताया गया कि कोयला घोटाला मामले में संलिप्त सौम्या चौरसिया के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अर्जित की गई अचल संपत्तियों को ईडी द्वारा पूर्व में सीज किया था, जिसके बाद इस घोटाले में सौम्या के विरुद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की जांच के दौरान सौम्या की लगभग 45 अचल सम्पत्तियों का पता चला था, जिसकी कीमत 47 करोड़ रुपए आंकी गई है। जांच में इन संपत्तियों में से 29 संपत्तियां सौम्या के करीबी ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर



### ये संपतियां कुर्क

- *अहिवारा तहसील धमधा में खसरा 685 रकबा 0.580 हेक्टेयर भूमि कीमत 740130*
- *अहिवारा तहसील धमधा स्थित खसरा नंबर 686 रकबा 0.550 हेक्टे. कीमत 739210*
- *अहिवारा धमधा में खसरा 703/2 रकबा 0.400 हेक्टे. एवं खसरा 683/3 रकबा 0.260 हेक्टे. कीमत 100770*
- *अहिवारा धमधा में खसरा 684/2 रकबा 0.600 हेक्टे. भूमि कीमत 821390*
- *रा.नि.मं. दुर्ग 1 रोड स्थित भूमि खसरा 1946/166 रकबा 1614* ▶▶| शेष पेज 7 पर

सत्येंद्र की 7.44 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

## देश में ईडी का एक्शन

नई दिल्ली। ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने धन शोधन जांच के तहत आम आदमी पार्टी नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के लाभकारी स्वामित्व व नियंत्रण वाली कंपनियों की करीब 7.44 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां कुर्क की हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 15 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया है। यह जांच जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ बेनामी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### झारखंड दिल्ली में छापे मारे

*ईडी ने मंगलवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन की जांच के तहत झारखंड और दिल्ली में छापे मारे। रांची में कम से कम छह और दिल्ली में तीन परिसरों पर छापेमारी की। जिन परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, वे मुख्य आरोपी कमलेश कुमार* ▶▶| शेष पेज 7 पर

# मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कई कलाकारों को अवार्ड दिया गया। मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल को वर्ष 2023 के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मोहनलाल के साथ ही 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के समारोह में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, विक्रांत मैसी सहित सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित ▶▶| शेष पेज 7 पर

शाहरुख, रानी को मिला नेशनल फिल्म अवॉर्ड



### सिनेमा समाज को जागृत करने का माध्यम : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समारोह में फिल्मकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिनेमा केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि समाज और देश को जागृत करने का माध्यम भी है।

### मेरी जिम्मेदारी अपनी भूमिका को बखूबी निभाना है

मोहनलाल ने कहा, मेरी जिम्मेदारी अपनी भूमिका को बखूबी निभाना है। राजनीति का समय अब बीत चुका है। फिलहाल, फिल्म ही मेरी जिंदगी है।

### किसे कौन सा पुरस्कार

- **बेस्ट हिंदी फिल्म** – कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री
- **सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म** – 12वीं फेल
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** – शाहरुख खान (जवान) और विक्रांत मैसी (12वीं फेल)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** – रानी मुखर्जी (मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे)
- **दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड** – मोहनलाल
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशन – द केरला स्टोरी (सुदीप्तो सेन)
- सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म – रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
- बेस्ट तेलुगु फिल्म – भगवंत केशरी
- बेस्ट गुजराती फिल्म– वश ▶▶| शेष पेज 7 पर






## दो मासूम बच्चियों की नदी में डूबने से मौत

**सरगांव।** मुंगेली जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरोटी में मंगलवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा हुआ। नदी में नहाने गई दो मासूम बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लगभग 8:30 बजे ग्राम चरोटी की चार बच्चियां दैनिक दिनचर्या के तहत स्नान के लिए गांव के पास बहने वाली टेसुआ नदी गई थीं। इनमें से दो बच्चियां स्नान कर बाहर आ गई थीं, जबकि अन्य दो अंकिता जोशी (उम्र 7 वर्ष) और राबिया उर्फ डुबकी ▶▶| शेष पेज 7 पर

*टेसुआ नदी में नहाने गई थीं चार बच्चियां*





R C PLASTO TANKS & PIPES PVT. LTD.
Address: Plot No- 33-A-1, M.I.D.C. Hingna, Nagpur - 440016 (M.S.)

डिलरशीप एवं प्रोजेक्ट मटेरीयल हेतू 91300 76943
info@plasto.in www.plasto.in

Dhamtari, Gariaband, Kanker, Kondagaon, Bastar, Narayanpur, Bijapur, Sukma, Dantewada, Jagdalpur, Balod: 91751 37484, 9370690999, Kabirdham, Bemetara, Balod Bazar, Mahasamund, Raipur, Durg, Rajnandgaon, Bhilai, Kawardha: 9130077152, 9370690999, Bilaspur, Korba, Mungeli, Janjgir-Champa, Gaurella- Pendra, Marwahi: 9130031430, 9370690999 Surguja, Ambikapur, Jashpur, Surajpur, Balrampur, Manendragarh, Koriya, Chirimiri, Pattalgaon: 9175671831, 9130031430, 9370690999 Raighar, Shakti, Sarangarh: 9130031430, 9370690999

AAA

# 123 जवानों की हत्या में शामिल थे मारे गए 5 राज्य के मोस्ट वांटेड दो नक्सली नेता, 1.80 करोड़ था ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नारायणपुर

पहली बार सुरक्षाबलों ने माड़ ईलाके में हुए मुठभेड़ में एक साथ दो केन्द्रीय समिति सदस्यों को मार गिराया जिन पर नक्सल प्रभावित पांच राज्यों में 1.80 करोड़ का ईनामी घोषित था। केंद्रीय समिति के दोनों सदस्य राजू दादा और कोसा दादा पिछले तीन दशक से दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति में सक्रिय थे। अनेक हिंसक घटनाओं के मास्टरमाइंड रहे हैं।

- चार स्टेट में दर्ज 89 मामलों के मुख्य आरोपी थे दोनों नक्सली

बस्तर आईजी सुंदरराज पी व अन्य अधिकारियों ने नारायणपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में इस बात का खुलासा करते हुए बताया कि नक्सल-मुक्त भारत, नक्सल-मुक्त छत्तीसगढ़ और नक्सल-मुक्त अबूझमाड की दिशा में 22 सितम्बर को सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता में 1.80 के ईनामी दो सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ स्थल से एके 47 राइफल, इंसास राइफल, बीजीएल लॉन्चर समेत भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी साहित्य एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है। आईजी ने कहा कि विपरीत मौसम, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों तथा अन्य चुनौतियों के बावजूद सुरक्षा बल लगातार अभियान संचालित कर रहे हैं।




## दोनों इन बड़ी वारदातों में थे शामिल

मारे गए दोनों शीर्ष नक्सली नेताओं पर पांच राज्यों में 89 मामले दर्ज है। इन वारदातों में 123 जवानों की शहादत के अलावा कई निर्दोष ग्रामीणों की जान गई। केन्द्रीय समिति सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचन्द्र रेड्डी कई बड़ी घटनाओं में शामिल था इनमें महराबेड़ा में सीआरपीएफ 27 जवानों की शहादत, बुकिनतोर ब्लास्ट में 4 जवान, जोनागुडेम व टेकलगुडा में 22-22 जवान के शहादत हुई थी। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी कच्चापाल जनअदालत में 6 ग्रामीणों की हत्या, गढ़चिरौली के मरकाटोला में 17 जवान, मदानवाड़ा एंबुश में तत्कालीन एसपी सहित 27 जवान और ईरपानार एंबुश में 4 जवानों की हत्या तथा सुकमा कलेक्टर के अपहरण मामले में शामिल था।

## इन राज्यों में ईनाम व दर्ज मामले

मारे गए केन्द्रीय समिति सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी के खिलाफ छत्तीसगढ़ में 16, आंध्रप्रदेश में 2, तेलंगाना मे 4 व महाराष्ट्र में 5 कुल 27 मामले दर्ज है जिनमें वह मुख्य आरोपी था। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी छत्तीसगढ़ में 6, महाराष्ट्र में 48, आंध्रप्रदेश में 2, तेलंगाना मे 6 कुल 62 मामलो का मुख्य आरोपी था। दोनों सेण्ट्रल रिजनल ब्यूरो (सीआरबी) सदस्यों पर कुल 1 करोड़ 80 लाख रूपए का इनाम घोषित था। इनमें छत्तीसगढ़ में 40 लाख, मध्यप्रदेश में 15 लाख, ओडिशा में 25 लाख, तेलंगाना स्टेट में 25 लाख, आंध्रप्रदेश में 25 लाख व महाराष्ट्र में 50 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

## 2024 से अब तक कुल 127 नक्सली ढेर

एसपी नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया ने बताया कि अबूझमाड़ में केंद्रीय समिति के दो शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने से संगठन को बहुत बड़ा झटका लगा है। यह वही नेतृत्व था जो पिछले तीन दशक से नक्सलियों की हिंसक गतिविधियों को संचालित कर रहा था। इनके खात्मे से नक्सलियों की कमर टूटी है और सुरक्षाबलों का मनोबल और ऊंचा हुआ है। हम नक्सल मुक्त बस्तर के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे संयुक्त अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। आईटीबीपी, बीएसएफ, एसटीएफ और डीआरजी की संयुक्त कार्रवाई में 2024 से अब तक कुल 127 माओवादी मारे जा चुके हैं। यह उपलब्धि सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और लगातार चल रहे सर्च एवं डोमिनेशन ऑपरेशनों का परिणाम है जिससे अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

**करंट की चपेट में आए किसान की मौके पर मौत, खेत में डाल रहा था खाद** :कवर्धा। खेत में खाद डाल रहे एक किसान की करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाजार चारभाटा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम वीरेन्द्र नगर निवासी दसरू उम्र 45 साल मंगलवार को अपने खेत में लगी धान की फसल में खाद डाल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान खेत से ग्रामीण लेखराम कौशल पिता कारण लाल कौशल निवासी वीरेन्द्र नगर के खेत तक गया विद्युत तार लूज होकर नीचे आ गिरा, जिसकी चपेट में आने से दसरू की मौके पर ही मौत हो गई।




# आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक, ससुराल वालों ने पकड़ा

**अंबिकापुर**। जिले के लखनपुर क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। आधी रात को शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को उसके ससुराल वालों ने पकड़ लिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने युवक की जमकर पिटाई की। इसके साथ ही गांव में पंचायत बैठाई गई जहां दोनों के हाथ पैर बांधकर सबके सामने बैठाया गया। महिला के पति ने उसे अपने साथ रखने से मना कर दिया, जिसके बाद महिला को उसके प्रेमी के सुपुर्द कर दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों प्रेमी प्रेमिका के बच्चे है। फिलहाल इस घटना की शिकायत किसी भी पक्ष की ओर से थाने में नहीं की गई है लेकिन अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि भिट्टीकला महुआ टिकरा निवासी महिला का विवाह लखनपुर के पुहपुटरा गांव में हुआ था। महिला के दो बच्चे है लेकिन 22 सितम्बर की रात तेलाई कछार निवासी युवक उक्त महिला से मिलने के लिए उसके ससुराल पहुंच गया था। देर रात घर में प्रेमी प्रेमिका मौजूद थे। इसी बीच महिला के ससुराल वालों ने दोनों को पकड़ लिया।

- गांव में पंचायत के बाद महिला को किया गया युवक के सुपुर्द



## किसी पक्ष ने नहीं की शिकायत

बड़ी बात यह है कि इस घटना की किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। थाना प्रभारी लखनपुर शशिकांत सिन्हा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। महिला और पुरुष किसी भी पक्ष से कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



रायपुर
बुधवार, 24 सितंबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 24, अंक : 69
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 24.6

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड

विचार पेज
4 बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

*एग्रीस्टैक के साथ एकीकृत पोर्टल में पंजीयन है अनिवार्य*

# डिजिटल क्रॉप सर्वे 30 तक, फिर सर्वर होगा लॉक जितना रकबा दिखेगा उतना ही खरीदा जाएगा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए ये अनिवार्यता है कि किसान के रकबे का डिजिटल सर्वे या पटवारी गिरदावरी होनी चाहिए। खास बात ये है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे ऑनलाइन किया किया जा रहा है। इस काम के ▶▶|शेष पेज 7 पर

## डिजिटल सर्वे करवाना अब किसान की भी है जिम्मेदारी



**एग्रीस्टैक में पंजीयन है अनिवार्य:** राज्य सरकार ने साफ किया है कि इस बार की धान खरीदी के पहले किसानों का पंजीयन केंद्र सरकार के एग्रीस्टैक पोर्टल ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 90 प्रतिशत रकबे का डिजिटल सर्वे हुआ

बताया गया है कि राज्य में अब तक 90 प्रतिशत रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे हो चुका है। पिछले साल 34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सर्वे हुआ था, इसका 99 प्रतिशत काम ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चार हजार गांवों का रिकार्ड ही नहीं

राज्य में धान खरीदी के लिए ऑनलाइन सर्वे की इस तकनीकी प्रक्रिया के बीच यह जानकारी भी मिली है कि राज्य के 20 हजार गांवों में से चार हजार गांवों का डिजिटल रिकार्ड ही नहीं है। वहां ▶▶|शेष पेज 7 पर

## हाईकोर्ट के जजों से किया कार्य-निष्पादन मूल्यांकन का आह्वान

# फैसला सुनाने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट खफा, कहा-मेज पर न लगे फाइलों का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के 'अपने काम पूरे कर पाने' में असमर्थ रहने पर नाराजगी जताते हुए उनके 'कार्य-निष्पादन मूल्यांकन' का आह्वान किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हालांकि, वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए 'स्कूल प्रिंसिपल' की तरह काम नहीं करना चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए एक स्व-प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए कि 'उनकी मेज पर फाइल का ढेर न लगे। पीठ ने कहा, ऐसे भी न्यायाधीश हैं जो दिन-रात काम करते हैं और मामलों का शानदार निस्तारण कर रहे हैं, लेकिन साथ ही कुछ न्यायाधीश ऐसे भी हैं जो दुर्भाग्यवश काम पूरे कर पाने में असमर्थ हैं - कारण चाहे जो भी हो, अच्छे या बुरे, हम नहीं जानते और शायद कुछ परिस्थितियां भी हो सकती हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा, मान लीजिए कि एक न्यायाधीश किसी आपराधिक अपील पर सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों पर फैसला ▶▶|शेष पेज 7 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाने में देरी को लेकर हाईकोर्ट के जजों पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि एक तरफ जहां हाईकोर्ट के कुछ जज दिन रात एक कर पूरी निष्ठा के साथ काम करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज अपना काम समय पर पूरा नहीं करते हैं।*

### सालों से रखा है फैसला सुरक्षित

दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने कुछ आजीवन और मृत्युदंड की सजा पाए दोषियों के खिलाफ सालों से फैसला सुरक्षित रखा है। उनकी अपीलों पर फैसला नहीं सुनाया गया है। जस्टिस कांत ने कहा कि कुछ जजों की आदत होती है कि वे ▶▶|शेष पेज 7 पर



### आत्मनिरीक्षण की जरूरत

पीठ ने आगे कहा, मान लीजिए कि कोई जज किसी आपराधिक अपील की सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों का फैसला करने की उम्मीद नहीं करते और एक दिन में एक आपराधिक अपील का फैसला करना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने बताया गाइडलाइंस क्यों है जरूरी

झारखंड मामले की सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी फौजिया शकील ने बेंच को बताया कि कुछ हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने और उसकी घोषणा की तारीखों पर डेटा तो दिया है, लेकिन जजमेंट वास्तव में अपलोड कब किया गया, यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम स्कूल के प्रिंसिपल और मॉनिटर की तरह काम नहीं करना चाहते। लेकिन, ऐसी कोई गाइडलाइंस होनी चाहिए कि कितनी जल्दी फैसला सुनाया गया और अपलोड हुआ। "

**इधर, हाईकोर्ट की ऐसी टिप्पणी**

### टैक्निकल जांच, टेंडर और वर्क आर्डर में समय बरबाद करते हैं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेशभर की खस्ताहाल सड़कों के मामले में नाराज हाईकोर्ट ने शासन के अधिकारियों से कहा है कि इसमें सुधार जल्द होने चाहिए। अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सड़क बनाने से टैक्निकल जांच, टेंडर और वर्क आर्डर में काफी समय बरबाद किया जाता है। यह सही नहीं है। ध्यान रहे कि प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बैंच में चल रही है। शासन ने कोर्ट में अपना जवाब पेश किया। ▶▶|शेष पेज 7 पर



## सीएम साय पहुंचे बाजार



- *जीएसटी बचत उत्सव का लिया जायजा*
- *जीएसटी 2.0 से व्यापारियों और उपभोक्ताओं में उत्साह*

**रायपुर।** जीएसटी बचत उत्सव का जायजा लेने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को रायपुर के एम.जी. रोड एवं आसपास के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। उन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से आत्मीय संवाद किया। यह अवसर इसलिए विशेष रहा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने कर प्रणाली को नई सरलता और पारदर्शिता प्रदान की है। इस मौके पर मंत्री केदार कश्यप, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# दिव्यांग बेटे को मां ने पेट्रोल से जिंदा जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अपने दिव्यांग बेटे के साथ वाद-विवाद से परेशान होकर मां ने उसे मौत के घाट उतार दिया। अपने बेटे को मारने की उसने दो दिन पहले ही पूरी प्लानिंग कर ली थी। इसके लिए बकायदा पेट्रोल खरीदकर भी अपने घर में छिपा रखा था। विवाद होने के बाद उसने अपने बेटे पर पेट्रोल छिड़ककर जलाकर मार ▶▶|शेष पेज 7 पर

- दो दिन पहले की प्लानिंग



### दो दिन पहले खरीदा पेट्रोल

आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपने दिव्यांग बेटे को जलाकर मारने की योजना दो दिन पूर्व ही कर ली थी।

## यूएन में सात जंग रुकवाने का लिया श्रेय

# ट्रंप फिर बोले- मैंने रुकवाया भारत-पाक युद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वर्तमान व्हाइट हाउस रोल और अमेरिका की वैश्विक ताकत पर जोर देते हुए भाषण दिया। ट्रंप ने सात युद्धों को रोकने का दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान और इजरायल-ईरान के 12-दिन के युद्ध सहित सात अंतहीन युद्धों को समाप्त किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, काश यह काम संयुक्त राष्ट्र करता, लेकिन मुझे करना पड़ा। ट्रंप रूस यूक्रेन युद्ध पर कहा कि नाटो देश अपने खिलाफ युद्ध को फंड कर रहे हैं। उन्होंने भारत-चीन को यूक्रेन जंग में रूस को फंड करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन में युद्ध के प्राथमिक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### रूस से तेल खरीदी पर जताया ऐतराज

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, नाटो देशों ने भी रूसी ऊर्जा और रूसी ऊर्जा उत्पादों पर ज्यादा रोक नहीं लगाई है, यह शर्मनाक है। वे अपने ही खिलाफ युद्ध को वित्तपोषित कर रहे हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू करने के तीन साल से भी ज्यादा समय बाद, अमेरिका और यूरोपीय संघ अभी भी अरबों यूरो मूल्य की रूसी ऊर्जा और वस्तुओं का आयात करते हैं, जिनमें तरलीकृत प्राकृतिक गैस से लेकर संवर्धित यूरेनियम तक शामिल हैं।

### रूस पर टैरिफ लगाने को तैयार

ट्रंप ने कहा, वे रूस से लड़ते हुए रूस से तेल और गैस खरीद रहे हैं। यह उनके लिए शर्मनाक है। ट्रंप ने कहा कि अगर युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता नहीं होता है, तो अमेरिका रूस पर कई टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। ट्रंप ने कहा, लेकिन इन टैरिफ को प्रभावी बनाने के लिए, आप सभी यूरोपीय देशों को, जो अभी यहां एकत्र हैं, हमारे साथ मिलकर ठीक यही उपाय अपनाने होंगे।



# हिमाचल में पर्यावरण नुकसान पर राज्य व केंद्र से मांगा जवाब

**सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान**

हालिया दिनों में लगातार प्राकृतिक आपदाएं आई हैं पहाड़ी राज्यों में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार, 23 सितंबर को हिमाचल प्रदेश में बिना लगाम हो रहे विकास कार्य और उससे पारिस्थितिक असंतुलन से संबंधित अपनी स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित किया जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार से राज्य में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और पारिस्थितिक असंतुलन से संबंधित कुछ सवालों के जवाब मांगे हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि उसने सवालों की एक लिस्ट जारी की है जिसका जवाब राज्य सरकार को देना है।

**28 सितंबर तक देना है सवालों का जवाब**

## एमिकस क्यूरी की 65 पेज की रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सवालों को लेकर विस्तृत आदेश सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इसपर राज्य सरकार को 28 सितंबर तक सवालों का जवाब देना है। सुप्रीम कोर्ट के सवाल पारिस्थितिक असंतुलन, प्राकृतिक आपदाओं, उनके कारणों और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से संबंधित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये सवाल एमिकस क्यूरी की 65 पेज की रिपोर्ट के आधार पर पूछे हैं। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो हिमाचल एक दिन नक्शे से गायब हो जाएगा।



### हर साल हिमाचल झेल रहा प्रकृति की मार

इस साल 2025 के मानसून की भारी बारिश में भी राज्य में मानवीय और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। अपने पहले के जवाब में हिमाचल सरकार ने कहा था कि राज्य में आई तबाही जलवायु परिवर्तन की वजह से हुई है, जो कि एक वैश्विक सच्चाई है। राज्य सरकार ने कहा कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, क्लाउड बर्स्ट, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, बर्फबारी के पैटर्न में बदलाव और ग्लेशियरों का पिघलना जलवायु परिवर्तन का नतीजा है।

## सेक्स एजुकेशन पर राज्यों को दी जुर्माने की चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई, जिसमें सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि सरकारी मदद पाने वाले स्कूलों के सिलेबस में सेक्स एजुकेशन और महिलाओं या बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े कानून पढ़ाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका आई कि बच्चों को स्कूलों में सेक्स एजुकेशन और कानूनों की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित रहें और सही जानकारी पा सकें। कोर्ट ने सरकारों से पूछा कि क्या उन्होंने स्कूलों में ऐसा पढ़ाना शुरू किया है या नहीं? सुनवाई के दौरान कई राज्यों ने अपने जवाब दिए, लेकिन कई राज्य कोर्ट में पेश नहीं हुए। जज ने नाराज होकर कहा कि राज्यों की दिलचस्पी ही नहीं है, इसलिए ये चीजें धरातल पर नहीं आ रही हैं। साथ ही कहा कि जो राज्य नहीं आए, उन्हें बताएं कि अगली सुनवाई में नहीं आए तो 10,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। कोर्ट ने आखिरी मौका दिया है। अब गुरुवार को फिर से मामले में सुनवाई होगी।

### सेक्स एजुकेशन को लेकर अभी कोई नियम नहीं

बता दें कि भारत में स्कूलों के सिलेबस में सेक्स एजुकेशन और महिलाओं या बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े कानून पढ़ाने को लेकर कोई नियम अभी नहीं है। कुछ राज्य और बोर्ड जैसे एनसीईआरटी अपने सिलेबस में सेक्स एजुकेशन से जुड़ी कुछ बातें शामिल करते हैं, हालांकि यह पूरी तरह से अनिवार्य नहीं है। 2021 में संसद में 'यौन शिक्षा का अनिवार्य शिक्षण' बिल पास हुआ था। हालांकि, अब तक यह कानून नहीं बना है। इस बिल का मकसद है कि बच्चों को अनिवार्य रूप से सेक्स एजुकेशन और उनके अधिकार पढ़ाना।

## खबर संक्षेप

### बिहार में 75 लाख महिलाओं को मिलेगी रोजगार योजना की पहली किस्त



**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने जीत के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में 26 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की पहली किस्त सीधे उनके बैंक अकाउंट्स में भेजेंगे। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएंगे जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### शाह ने किया स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आगाज



**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। यह कॉन्क्लेव गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 'एलीवेट, इनोवेट एंड एक्सलरेट' थीम के तहत आयोजित किया गया है। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि इस कॉन्क्लेव में छात्र, उद्योगपति, निवेशक और मेंटर्स एक साथ आकर स्टार्टअप दुनिया को गति देने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

### प्रशांत किशोर पर 100 करोड़ का मानहानि केस



**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक चौधरी ने मंगलवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को 100 करोड़ रुपये का मानहानि का नोटिस भेजा है। दरअसल प्रशांत किशोर ने मंत्री पर 200 करोड़ के घोटाले और जमीन धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। अब अदालत ने किशोर को 17 अक्टूबर को पेश होने के लिए समन जारी किया है। अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर के आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया है।

# नेपो किड्स वाली पोस्ट पर सियासत भाजपा ने राहुल से जोड़ा, मचा बवाल

**कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा था- जेन जेड को किसी का विशेषाधिकार स्वीकार्य नहीं**

## वंशवादी राजनीति के खिलाफ बढ़ते प्रतिरोध की तरफ किया था इशारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में मची राजनीतिक उथल-पुथल को लेकर सोशल मीडिया पर एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर नई राजनीतिक बहस छिड़ गई है। बीजेपी ने उनके बयानों को तुरंत भुनाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष हमले से जोड़ दिया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'जुलाई 2023 में श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे, जुलाई 2024 में बांग्लादेश में शेख हसीना, सितंबर 2025 में नेपाल में केपी शर्मा ओली और फिलीपींस में फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों ने इन पर अपनी छाप छोड़ी है। सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने वंशवाद को ध्वस्त किया किया है या फिर चुनौती दे रहे हैं। इन घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने लिखा, 'जनरेशन एक्स, वाय, जेट को अब किसी का विशेषाधिकार स्वीकार्य नहीं है।' कांग्रेस नेता ने वंशवादी राजनीति के खिलाफ बढ़ते प्रतिरोध और सोशल मीडिया के रुझानों से उपजे सार्वजनिक आक्रोश की तरफ इशारा किया।

### भाजपा ने राहुल से जोड़ा बयान

वहीं, बीजेपी ने मनीष तिवारी के बयानों को राहुल गांधी से जोड़ दिया। बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा कि जी-23 बागी गुट के सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी भारतीय राजनीति के सबसे बड़े 'नेपो किड' राहुल गांधी पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जेन जेड को तो छोड़िए कांग्रेस के अपने दिग्गज भी उनकी राजनीति से तंग आ चुके हैं।

**'काश, कुछ लोग जिंदगी में बड़े हो पाते'**

*मालवीय के जवाब में, मनीष तिवारी ने इस संबंध को खारिज करते हुए कहा, 'हे भगवान, काश, कुछ लोग जिंदगी में बड़े हो पाते।' उन्होंने अपने पोस्ट में बीजेपी के तर्क को खारिज किया और साफ किया कि इस चर्चा को कांग्रेस और बीजेपी के बीच राजनीतिक घमासान तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि दक्षिण और पूर्वी एशिया के बड़े घटनाक्रमों पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर जो कुछ हो रहा है, उसके राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। बता दें कि यह बवाल राहुल गांधी के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के बैकग्राउंड में हुआ है, जिसमें उन्होंने संविधान की रक्षा और कथित 'वोट चोरी' को रोकने के लिए भारत के जेन-जेड और छात्रों की सराहना की थी।*

## 'मोदी छवि चमकाने में व्यस्त, बेरोजगारी और वोट चोरी देश का सबसे बड़ा संकट'



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने बेरोजगारी और 'वोट चोरी' को सीधा जोड़ते हुए कहा कि यही आजाद भारत के इतिहास का सबसे बड़ा संकट है। नेता विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन समारोहों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी युवाओं को नौकरी देने में पूरी तरह विफल रहे हैं, लेकिन अपने जन्मदिन के भव्य आयोजन और छवि चमकाने में हमेशा व्यस्त रहते हैं। राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा संबंध वोट चोरी से है। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार चुनाव जनता का विश्वास जीतकर नहीं बल्कि चोरी करके जीतती है, तो उसे नौकरियां देने, भर्ती प्रक्रियाओं को सुधारने या युवाओं के सपनों की रक्षा करने की कोई चिंता नहीं रहती।

### 'असली लड़ाई वोट चोरी के खिलाफ'

राहुल ने युवाओं से आह्वान किया कि असली लड़ाई सिर्फ रोजगार की नहीं बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। राहुल ने कहा, 'जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ता रहेगा। अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे और न ही वोट की चोरी. देश को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है।'

# फ्रांस समेत पांच देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता इजराइल ने जताया विरोध

**संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की बैठक में ऐलान**



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

मध्य-पूर्व एशिया की राजनीति दिलचस्प होती जा रही है। एक ओर इजरायल गाजा में हमास के खिलाफ अभियान चला रहा है तो वहीं, दूसरी ओर ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों ने एक के बाद एक फिलिस्तीन को मान्यता दे दी है। अब इस लिस्ट में और देश भी जुड़ गए हैं।

सोमवार देर रात फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजराइल-फिलिस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की थी। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फिलिस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि 'फिलिस्तीनी राष्ट्र का दर्जा एक अधिकार है, इनाम नहीं।' दूसरी तरफ इजराइल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी।

### 75% देश दे चुके हैं मान्यता

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75% देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट ऑबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है, लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है।

# कर्नाटक में जातीय जनगणना पर विवाद गरमाया, छिड़ी रार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक में जातियों की सामाजिक-आर्थिक सर्वे शुरू होने के साथ ही यह विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। लिंगायत, वोक्कालिगा और ब्राह्मण जैसे समुदायों के संगठनों ने राज्य सरकार के सर्वेक्षण कराने के अधिकार को चुनौती दी है। अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा, कर्नाटक वोक्कालिगा संघ और वीर शिवा लिंगायत महासभा समेत कई संगठनों ने याचिका दायर कर सर्वेक्षण पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार का यह कदम संविधान के आर्टिकल 342 (ए) का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सरकार डेटा इकट्ठा करने के लिए जियो-टैगिंग और आधार कार्ड को लिंक करने जैसा तरीका अपना रही है, वह आधार एक्ट के नियमों का उल्लंघन है।

■ हाईकोर्ट पहुंचे वोक्कालिग, लिंगायत, ब्राह्मण संगठन



### कई जातियों ने बताया इसे गैरजरूरी

कर्नाटक में जाति के हिसाब से आर्थिक सर्वेक्षण पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राज्य की कई जातियों ने इसे गैरजरूरी बताते हुए कहा है कि यह राजनीति से प्रेरित होकर किया जा रहा है। शिक्षकों और आशा वर्करों की ड्यूटी लगाकर लोगों के आधार डिटेल लिए जा रहे हैं। बीजेपी का कहना है कि सिद्धा सरकार इसके जरिये जनगणना करा रही है, जो केंद्र सरकार का काम है। सीनियर एडवोकेट प्रभुलींग नवदगी ने कहा कि यह संविधान के आर्टिकल 342 (A) के खिलाफ है।

## तमिलनाडु ने केंद्र से कहा

# शिक्षा नीति पर जिद न दिखाएं, फंड जारी करें

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अंबिल महेश ने केंद्र सरकार से शिक्षा नीति को लेकर हठ न दिखाने और फंड जारी करने की अपील की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को डीएमके पर नई शिक्षा नीति को लेकर समाज में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि देश में केवल 10 प्रतिशत लोग ही अंग्रेजी बोलते हैं।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री अंबिल महेश ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कोई भी भाषा सीख सकता है, लेकिन जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैंने पहले कहा था, तीन भाषाओं तक सीमित क्यों रहें, हर कोई सभी 22 भाषाएं सीखे तो इसमें कोई बुराई नहीं है।

### हठधर्मिता दिखा रहा केंद्र

तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री ने कहा, 'केंद्र का उद्देश्य हिंदी थोपना और फिर संस्कृत लाना है। हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। हमारी दो-भाषा नीति से हमारे बच्चे दुनिया भर में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे हैं। इतने शानदार परिणाम दिखाने के बाद भी तीन भाषा नीति को स्वीकार करने का दावा करना कितना उचित है?'

# कोलकाता में भारी बारिश से स्कूल मेट्रो, एयरपोर्ट बंद, सात की मौत

**पश्चिम बंगाल में जनजीवन प्रभावित**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में रात भर भारी बारिश के कारण जनजीवन लगभग ठप हो गया है। भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए, जिससे यातायात, सार्वजनिक परिवहन और दैनिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। पटरियों पर जलभराव के कारण शहर और उपनगरों में ट्रेन और मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हुईं। आधी रात के बाद शुरू हुई बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गईं और शहर में कई घरों और आवासीय परिसरों में पानी घुस गया है। बारिश के दौरान बिजली गिरने समेत अन्य घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई है।

■ स्कूल-कॉलेज में छुट्टी



### 30 से अधिक उड़ानें रद्द

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतिकूल मौसम के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने लगातार बारिश और सीमित दृश्यता को प्रमुख सुरक्षा चिंता बताया। अब तक कम से कम 30 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और 31 अन्य में देरी हुई हैं। हवाई यात्रा में और अधिक व्यवधान आने की आशंका है, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आने वाले दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है, जिसका कारण बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व में बन रहे निम्न दबाव का क्षेत्र है।

# अमेरिकी पुलिस ने फ्रांस के राष्ट्रपति को सड़क पर रोका

**गुजरने वाला था ट्रंप का काफिला**



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ट्रैफिक जाम के कारण उस वक्त एक अप्रत्याशित क्षण पैदा हो गया, जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के काफिले के कारण सड़क पर रोक दिया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति कुछ देर के लिए न्यूयॉर्क की सड़क पर फंसे नजर आए, क्योंकि पुलिस ने ट्रंप के काफिले के लिए रास्ते बंद कर दिए थे। यह वाकया संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में मैक्रों के भाषण के तुरंत बाद हुआ, जिसमें उन्होंने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से फ्रांसीसी दूतावास की ओर जाते समय उनकी कार को न्यूयॉर्क पुलिस ने रोक दिया, जो राष्ट्रपति ट्रंप के काफिले के लिए सड़कों को सुरक्षित कर रही थी।

### मैक्रो ने ट्रंप को लगाया सीधे फोन

इस मामले में तब और एक मजेदार ट्विस्ट आया, जब फ्रेंच राष्ट्रपति ने सीधे डोनाल्ड ट्रंप को फोन लगा दिया और उनसे हल्के-फुल्के अंदाज में मजाक किया कि वह उनके कारण ट्रैफिक जाम में फंस गए हैं। वायरल विडियो में मैक्रों को ट्रंप से फोन पर बातचीत करते सुना जा सकता है, जिसमें वह हंसते हुए कहते हैं, 'अंदाजा लगाइए, मैं सड़क पर इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि आपके लिए सब कुछ बंद है।'

**लोग लेते रहे सेल्फी**

फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट ब्रूट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में एक पुलिस अधिकारी मैक्रों से माफी मांगते हुए कहता है, 'मुझे खेद है, मिस्टर प्रेसिडेंट, अभी सब कुछ बंद है।' वायरल वीडियो में इमैनुएल मैक्रों को ट्रैफिक के बीच अपनी कार से सड़क पर उतरते हुए देखा जा सकता है, जहां लोग उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करने लगते हैं।

### हिमाचल : श्रद्धालुओं की गाड़ी पलटी, 2 की मौत

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के कांगडा में बड़ा हादसा हुआ है। यहां मां चामुंडा मंदिर में लंगर सेवा के लिए जा रहे बठिंडा के श्रद्धालुओं का ट्रक मंगलवार को ढलियारा के पास पलट गया। इस दर्दनाक दर्दनाक हादसे में कम से कम दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है, उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यहां हादसा NH 503 पर ढलियारा के तीखे मोड़ों पर हुआ. ट्रक में श्रद्धालुओं के साथ-साथ लंगर का सामान और दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर भरे हुए थे।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धागवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
Since-2000
मारुति® मसाज ओइल
झटपट दिलाये आराम
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
● जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
● क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
● एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

# 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म



**मुंबई।** ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है। हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगी।

# मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका



**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था। इसके बाद इसके दो सीक्वल, 'ग्रैंड मस्ती' और 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' आए। 'मस्ती 4' में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की मशहूर तिकड़ी वापस आ रही है। इसमें श्रेया शर्मा, रूही सिंह और एलनाज नोरौजी भी हैं। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*



**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।

**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है।


pfrda | nps national pension system #Zaruri Hai

**पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण**

*स्वीकृत सेवानिवृत्ति निधि के सदस्यों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल होने हेतु सूचना*

पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) एक वैधानिक प्राधिकरण है जिसकी स्थापना पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 के तहत की गई थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) सहित उक्त अधिनियम के तहत विनियमित पेंशन योजनाओं के माध्यम से वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

एनपीएस एक परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना है और इसे शुरू में 2004 में केंद्र सरकार, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, राज्य सरकारों, राज्य स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के लिए शुरू किया गया था। बाद में इस योजना का विस्तार स्वैच्छिक आधार पर कॉर्पोरेट कर्मचारियों और भारतीय नागरिकों तक भी किया गया। एनपीएस ने पिछले कुछ वर्षों में, पंजीकृत पेंशन निधियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए अनुमोदित निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, जोखिम और प्रतिफल के परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निधि के निवेश के माध्यम से ग्राहकों को लगातार उच्च प्रतिफल प्रदान किया है। एनपीएस के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया प्राधिकरण की वेबसाइट - www.pfrda.org.in› Schemes›NPS. देखें।

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान एनपीएस के तहत विभिन्न कर लाभ प्रदान करते हैं। इससे बाहर निकलने पर, संचित पेंशन राशि का 60% तक कर-मुक्त एकमुश्त राशि के रूप में निकालने की अनुमति मिलती है, जबकि शेष राशि का उपयोग वार्षिकी सेवा प्रदाता (प्रदाताओं) से वार्षिकी खरीदने के लिए किया जाता है, जिन पर माल और सेवा कर (जीएसटी) से छूट प्राप्त है।

एनपीएस के अंतर्गत सभी गतिविधियाँ पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 और प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित विनियमों के तहत विनियमित होती हैं। इसके अलावा, एनपीएस के अंतर्गत गतिविधियाँ पूरी तरह से डिजिटल हैं और पारदर्शी तरीके से प्रबंधित की जाती हैं, जिसमें व्यक्तिगत पेंशन कोष की अद्यतन जानकारी ग्राहक को मोबाइल ऐप या ग्राहक के लॉगिन का उपयोग करके दैनिक आधार पर उपलब्ध होती है। ग्राहकों के पास विभिन्न पेंशन फंडों, परिसंपत्ति आवंटन और विभिन्न रोजगारों, स्थानों और रोजगार की स्थिति के बीच पोर्टेबिलिटी में से चुनने की भी सुविधा है।

इस सूचना के माध्यम से, आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत पंजीकृत विभिन्न अनुमोदित सेवानिवृत्ति निधियों के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे एनपीएस के अंतर्गत लाभ और रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए वे एनपीएस में स्थानांतरण हेतु अपने संबंधित अनुमोदित सेवानिवृत्ति ट्रस्ट/नियोक्ता से संपर्क कर सकते हैं। आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार, स्वीकृत सेवानिवृत्ति निधि से एनपीएस में एकमुश्त धनराशि अंतरित करने पर कराधान से छूट प्राप्त होती है। प्राधिकरण, एक सुरक्षित पेंशनभोगी संस्था के अपने अधिदेश को पूरा करने हेतु, अपने सदस्यों को एनपीएस में स्थानांतरित करने में सहायता हेतु, स्वीकृत सेवानिवृत्ति निधि को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

स्वीकृत सेवानिवृत्ति निधि या उसके व्यक्तिगत सदस्य, जैसा भी मामला हो, प्राधिकरण की वेबसाइट (www.pfrda.org.in) पर "Schemes›NPS› Superannuation Funds" टैब के अंतर्गत उल्लिखित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार या नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके एनपीएस में स्थानांतरण कर सकते हैं। इसके अलावा, इस संबंध में कोई भी प्रश्न saf-information@pfrda.org.in पर या प्राधिकरण कार्यालय को भेजा जा सकता है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण
की ओर से











चिंतन

# जीएसटी बचत उत्सव पर खरीदारी के क्या मायने

जीएसटी बचत उत्सव के रूझान आने शुरू हो गए हैं। बिलकुल वैसा ही हो रहा है, जैसी सरकार ने उम्मीद की थी। लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। पहले नवरात्र के दिन ही जमकर उत्सव मनाया। देश की टॉप तीन ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51000 से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई। इसके अलावा, कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। ये डिस्काउंट तो कंपनियां हर साल नवरात्र के दिनों में देती रही हैं, लेकिन खरीदारी का ऐसा माहौल कई सालों बाद नजर आ रहा है। जीएसटी-2.0 लागू होने के बाद चार मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी व 1 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह चार मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी और 3 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। बड़ी गाड़ियों जैसे चार मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल व 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर अब 40 फीसदी जीएसटी लग रहा है। यही कारण है कि लोगों ने नवरात्र के पहले ही दिन से जबरदस्त खरीदारी शुरू कर दी है। अगर नवरात्र के पहले ही दिन की केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर की सेल को देखें तो सहज ही अंदाजा हो रहा है कि देशवासियों ने इसे हाथों हाथ लिया है। देश की सबसे बड़ी ऑटो मोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने 22 सितंबर को महज एक दिन में करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। ये पिछले 30 सालों में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15 फीसदी तक कम हो गए है। ये उन लोगों ने लिए तोहफे की तरह है, जिनका कई साल से कार लेने का सपना तो था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। अब कारें सस्ती होते ही ये मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए। केवल मारुति ही क्यों हुंडई ने भी नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। कंपनी की ग्रैंड आई 10, नियोस और क्रेटा जैसे पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड है। टाटा ने भी करीब 10,000 कारें डिलीवर कीं, जो अब तक का सबसे अच्छा रिकॉर्ड था। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। कंपनी जीएसटी कम होने के अलावा और भी कई तरह के लाभ दे रही है। वैसे तो भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से खरीदारी का सीजन माना जाता है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म ने इसे और खास बना दिया। रिटेल व ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑफर्स और भी आकर्षक हो गए हैं। घरेलू सामान और किचन आइटम्स की कीमतें घटने से उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। अभी केवल ऑटो मोबाइल कंपनियों की एक दिन की सेल का डाटा सामने आया है। लोगों इन दिनों में कपड़े, जूते, मोबाइल, टैब, सजावट व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जैसे-जैसे नवरात्रों के दिन आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे सेल में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। अभी उन लोगों का आंकड़ा सामने आना शेष है जो ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इशारा साफ है कि देशवासियों ने बचत उत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गर्व से लो, स्वदेशी लो' पर अमल करना शुरू कर दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा एक और कदम है।



जीएसटी-2.0

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

> इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी आरएंडआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर कहा कि जीएसटी सुधार और आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपये की बचत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ 'बचत उत्सव' मनाते हुए दिखाई देंगे और ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पाद बेचने का आग्रह भी किया है।

| 2 | A) Widening and improvement of Rashin-Alsunde-Nimbe-Khatgaon-Lonimasadpur-Chapadgaon road MDR_101 \km 10/00 to 31/500 Tal. Karjat.(B) Widening and improvement of Chondi to Malthan road VR 50 km 0/00 to 5/00 and Malthan- Navsarwadi- Pategaon road ODR 144 km 5/00 to 15/00 Tal. Karjat (C) Widening and improvement of Chondi. Pimparkhed SH-409 road MDR 104 km 0/00 to 6/00 Tal. Jamkhed (D)Widening and improvement of Bavi-Khandvi-Zhikri road ODR-153 km 0/00 to 5/00 and Chondi to MDR-104 road VR-51 km 0/00 to 4/00 Tal. Jamkhed (E) Widening and improvement of Chondi-Aghi-Javala to District Border Road MDR 103 km 0/00 to 12/00 Tal. Jamkhed Dist. Ahilyanagar | Rs.126.10 | Rs.One Hunderd Twenty Six Crore & Ten Lakhs Only |

**Time Table is given as below:-**

| | |
|---|---|
| Period for downloading the Bid Document | **Dt.24/09/2025 to 14/10/2025, 18.00 Pm. (IST.)** |
| Prebid Date, Time and Venue | **07/10/2025** in the Office of the chief Engineer, P.W.Region Office, Nashik, at 12.30 Hrs, (IST.) |
| Dead line Date and Time for Online Bid submission | **14/10/2025, 18.00 Hrs. (IST.)** |
| Technical Bid Opening Date and venue | **17/10/2025 upto 18.00 Hrs. (IST.)** in the Office of the Superintending Engineer, P.W.Circle, Ahilyanagar (If possible) |
| Hard Copy of Original Bid Documents Submission as per Clause No. 2.11.2 | **upto 17/10/2025, 17.00 Hrs (IST.)** |

The details of works are provided on the websites as below.

1. www.mahapwd.com.
2. https://mahatenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Public Works Division**
**Ahilyanagar**

आरओसी 2025-26/ क्र.-5/ C-2677



**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा जिला जशपुर (छ.ग.)**
cmonpkotba@gmail.com

क्रमांक / 296 /न.पं. / 2025-26 कोतबा, दिनांक 23/09/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोतबा में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क (लाख में) | बिड सबमिशन अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 176233 | Construction of STP Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kotba under SBM 2.0 | 225.47 | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lacs Fifty Thousand only) | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) | 08.10.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in या www.uad.cg.gov.in से डाउनडोड किया जा सकता है, अथवा कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नगर की सफाई ना होने पर निदान 1100 में कॉल करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा



**न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**दाण्डिक ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक /202508 100600010-ब/121 वर्ष 2024 - 25, थाना रानीतराई, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना / चौकी में जप्त लावारिश / लादावा वाहनों के निराकरण / नीलामी की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त होने पर थाना रानीतराई जिला दुर्ग द्वारा अपने थाने क्षेत्रांतर्गत जप्त लावारिश वाहनों की जानकारी संबंधित परिवहन कार्यालय से लिया जाकर वाहन स्वामियों को वाहन रजिस्ट्रेशन पत्र के साथ उपस्थित होकर वाहन संरक्षण में लेने हेतु नोटिस जारी किया गया था, जो अदम तामीली प्राप्त होने से नीलामी कार्यवाही किये जाने बाबत धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार ईश्तगाशा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

अतः वाहनों की नीलामी की कार्यवाही के पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से अनुसूची में दर्शित वाहनों के वाहन मालिक को समाचार पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि वे सूची में दर्शित वाहनों के संरक्षण प्राप्ति हेतु दावा आपत्ति रखते हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ आगामी पेशी तिथि 28.09.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने अभिभावक / अभिभाषक / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से लिखित में दावा अपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है, म्याद याद पश्चात उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

थाना रानीतराई में जप्त लावारिश / लादावा वाहनों की अनुसूची निम्नानुसार है:-

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 23/08/2025 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

G-252603663/2



**न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा धमधा-जिला-दुर्ग छ.ग.**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. 1200 धारा 28 पुलिस एक्ट दिनांक ....../......./2025

**थाना बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना बोरी के ईरतगाशा क्र. 01/2025 धारा 28 पुलिस एक्ट के प्रकरण जिसमें जिला दुर्ग के थाना बोरी में जप्त लावारिस/लादावा वाहनो के निराकरण/नीलामी के कार्यवाही हेतु वाहनों की सूची संबंधित परिवहन कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर संबंधितों को नोटिस तामिल अदम तामिल उपरांत भी उक्त थानों में खड़ी दर्शित वाहनों के मालिको द्वारा उक्त वाहनो को अपना वाहन होना स्वीकार नहीं किये। अतः थाना बोरी में उक्त दर्शित वाहनों के लादावा होने पर थाना बोरी जिला दुर्ग छ.ग. में इस्तगाशा क्र. 01/2025 धारा 28 पुलिस एक्ट की कायमी किया गया है। प्रकरण में जप्त वाहन थाना बोरी के परिसर में खुली जगह पर होने से खराब होने की प्रवल संभावना है। जिसका शीघ्र अंतिशीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। उक्त लावारिश/लादावा वाहन जो थानो बोरी में खड़ी है। जिनका विवरण निम्न क्यूआर कोड को स्कैन कर देख सकते है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/उक्त वाहन पर अपना हक रखता हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ पेशी तारीख दिनांक 29/09/2025 तक न्यायालयीन समय मे स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा, आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से आज दिनांक 29/08/2025 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

G-252603672/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

पत्र क्र / /व.ले.लि / 2025-26 बिलासपुर दिनांक ......

मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पृष्ठां. क्र. 4263573 / निविदा प्रकोष्ठ / 2025 / 1502 (TC) दिनांक 16.06.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 21.05.2025 बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत लछनपुर व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य (द्वितीय आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 168730 को निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 252601066/5 दिनांक 23.05.2025

कार्यपालन अभियंता
वि./ यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट
संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)

G-252603688/5



**छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड नम्बर-1, तेलीबांधा, रायपुर-492006 (छत्तीसगढ़)
दूरभाष 0771-6621000, Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@nic.in.cside_raipur@yahoo.com

**स्टेशनरी प्रदाय हेतु वार्षिक दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक : 01/सा./स्टे./2025-26/ रायपुर, दिनांक : 23/09/2025

कार्यालयीन उपयोग की स्टेशनरी प्रदाय हेतु निर्धारित मापदण्ड, गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति के लिए निर्माताओं/प्रदायकर्ताओं से वार्षिक दर निर्धारण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। स्टेशनरी सामग्री की सूची एवं निविदा फार्म तथा शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में संस्था के लेटरपैड पर आवेदन कर दिनांक 15/10/2025 तक कार्यालय अवधि में दोपहर 02.00 बजे तक रू. 1,000/-+ जीएसटी जमा कर स्टेशनरी कक्ष, प्रथम तल से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं दिनांक 16/10/2025 को दोपहर 03.00 बजे तक स्वीकार की जाएगी तथा प्राप्त निविदाएं दिनांक 16/10/2025 को दोपहर 03.30 बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को पूर्णतः /अंशतः स्वीकार/अस्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक को होगा।

S-45346/2 प्रबंध संचालक



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग**
**जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम - आमंत्रण )**

**निविदा सूचना क्र. 12 / व.ले.लि./ 2025-26, दिनांक 22.09.2025**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **13.10.2025, 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम : खनिज न्यास मद (डिपॉजिट मद) अंतर्गत अरपा नदी पर निर्माणाधीन शिवघाट बैराज से मंगला एस.टी.पी. तक डामर रोड़ निर्माण कार्य ।**

**निविदा सिस्टम क्रं. 176148, अनुमानित लागत - रू.682.22 लाख (निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. लोक निर्माण विभाग 01.01.2025 एवं संशोधित के आधार पर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

**नोट :1.** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

**2.** निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

G- 252603668/4

## खबर संक्षेप



### बीसीसीएल व एक्वस को आईपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और अनुबंध पर उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं तथा एयरोस्पेस पुर्जे बनाने वाली कंपनी एक्वस को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह जानकारी दी गई। बीसीसीएल ने आईपीओ के लिए जून में अपने मसौदा पत्रों के साथ सेबी से संपर्क किया था।

### यूरो प्रतीक का निर्गम 11 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 247 से करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में यह शेयर 273.45 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 10.70 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 13.17 प्रतिशत चढ़कर 279.55 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 10.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 272.10 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,564.20 करोड़ रुपये रहा।




### एक्मे सोलर को एसबीआई से मिला 1100 करोड़ का पुनर्वित्त

**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने राजस्थान में अपनी 300 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए भारतीय स्टेट बैंक से 1,100 करोड़ रुपये का घरेलू निवेश हासिल करने की मंगलवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, इस धनराशि का उपयोग मौजूदा ऋण को पुनर्वित्त करने तथा राजस्थान परियोजना के लिए वित्तपोषण लागत को करीब एक प्रतिशत तक कम करने के लिए किया जाएगा। यह पुनर्वित्तपोषण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से करीब 17 वर्ष की अवधि के लिए प्राप्त किया गया है।



### जीएसटी कटौतीः केंद्र की ई-कॉमर्स मंचों पर नजर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, ‘‘ हम कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। क्षेत्रीय अधिकारी निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी।’’




### हुंडई मोटर इंडिया के अधिकारी का इस्तीफा




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने कहा कि उसके वरिष्ठ अधिकारी तपन कुमार घोष ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख पद से घोष का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। वह तीन अक्टूबर, 2025 को कारोबारी अवधि खत्म होने के साथ कार्यमुक्त हो जाएंगे। सोमवार को बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.14 प्रतिशत टूटकर 2,719.30 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

# एच-1बी वीजा फीस बढ़ोतरी और एफआईआई सेलिंग से रुपए का निकला दम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एच1बी वीजा फीस में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के बीच मंगलवार को भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 88.41 पर खुला और फिसलकर 88.75 पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव (88.28) से 47 पैसे कमजोर है। एक दिन पहले सोमवार को भी रुपया 12 पैसे टूटा था।

## रुपया 47 पैसे टूटकर 88.75 प्रति अमेरिकी डॉलर पर आ गया

### वीजा फीस ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ में बढ़ोतरी और एच1बी वीजा फीस में इजाफे जैसी प्रतिकूल नीतियों ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया है। इस बीच, छह प्रमुख करेंसी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत गिरकर 97.30 पर आ गया।




### आम आदमी पर असर

रुपए की कमजोरी का सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ता है। इंपोर्टेड सामान जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन, मशीनरी और तेल महंगे होंगे। भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। रुपया कमजोर होते ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें ऊपर जाती हैं। डॉलर महंगा होने से विदेश घूमने का खर्च बढ़ जाएगा। जो छात्र अमेरिका या अन्य देशों में पढ़ाई करने जा रहे हैं, उनकी फीस और रहन-सहन का खर्च काफी बढ़ जाएगा। सोने की कीमत डॉलर पर आधारित होती हैं, रुपया कमजोर होने से इसमें और तेजी आती है।

### धन प्रेषण में मंदी आ सकती है

विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि रुपया रिकॉर्ड निम्न स्तर की ओर जा रहा है। बाजार से जुड़े प्रतिभागी अमेरिका के नए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क के संभावित नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस फैसले से अमेरिका से भारत को होने वाले धन प्रेषण में मंदी आ सकती है। इससे अमेरिका को भारत के सेवा निर्यात में भी कमी आ सकती है। जानकारों के मुताबिक वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और व्यापारिक नीति की अनिश्चितता ने भी रुपए की कमजोरी को बढ़ावा दिया है।

## पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बिक्री अधिक रहेगी

# दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री चालू वित्त वर्ष में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमानः इक्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह बात कही।

- वृद्धि का अनुमान जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित

जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पुराने वाहनों की जगह नये वाहन की मांग, शहरी क्षेत्र में पुनरूद्धार और सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। इक्रा ने बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख इकाई हो गई।

**खास बातें**

- जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलेगा
- सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद



### सालाना आधार पर बिक्री बढ़ी

इसका कारण मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने त्योहारों से पहले अच्छी बिक्री जारी रखी। हालांकि, खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर मामूली 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अत्यधिक बारिश और जीएसटी दर में कटौती से जुड़ी कुछ खरीद टाले जाने के कारण वृद्धि बाधित रही। आगामी त्योहारों के दौरान इसमें तेजी आने की उम्मीद है।

### दोपहिया की घरेलू बिक्री छह से नौ फीसदी बढ़ेगी

इक्रा के अनुसार, उसका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया, ‘‘यह अनुमान पुराने की जगह नये वाहनों की मांग, शहरी मांग में सुधार, सामान्य मानसून से बेहतर ग्रामीण आय और हाल ही में जीएसटी दर में कमी पर आधारित है।

### मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

जीएसटी दर में कटौती से खरीद को समर्थन और मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।’’ रेटिंग एजेंसी ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड के संदर्भ में कहा कि अगस्त, 2025 में खुदरा बिक्री 1,04,725 इकाई रही, जो 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है और इसकी पैठ छह से सात प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है।

### ट्रैक्टर पर जीएसटी दर घटाकर पांच फीसदी

इक्रा ने ट्रैक्टर खंड के बारे में कहा कि ट्रैक्टर पर हाल ही में जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने से खासकर आगामी त्योहारों के दौरान मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस खंड का प्रदर्शन मजबूत रहा है। इस खंड में अगस्त, 2025 में थोक बिक्री में सालाना आधार पर 28.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

### ट्रैक्टर बिक्री में सात फीसदी वृद्धि का अनुमान

वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों में सालाना आधार पर 11.7 प्रतिशत की संचयी वृद्धि हुई है। इक्रा ने कहा, ‘‘वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रैक्टर बिक्री में चार से सात प्रतिशत की मध्यम गति से वृद्धि का अनुमान है। इस वृद्धि को सामान्य से बेहतर मानसून का समर्थन प्राप्त है, जिससे कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।’’

# टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन बेचे 10 हजार यात्री वाहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की। नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है।

- नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने से वाहनों की कीमतों में कमी आई

टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसके यात्री वाहनों के शोरूम पर देशभर में 25 हजार से अधिक ग्राहक पूछताछ दर्ज की गई। टाटा मोटर्स यात्री वाहन खंड के मुख्य वाणिज्य अधिकारी अमित कामत ने कहा, ‘‘हम ग्राहकों की बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया देख रहे हैं। नई जीएसटी दरों की घोषणा का हम अपने ग्राहकों को पूरा लाभ दे रहे हैं और आकर्षक त्योहारी पेशकश भी दे रहे हैं।’’ कामत ने बताया कि इस पेशकश से पूछताछ और बुकिंग में तेज उछाल आया है। शोरूम पर आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और ऑर्डर बुक भी लगातार मजबूत हो रही है। डीलरशिप ने त्योहारी भीड़ को देखते हुए कामकाज की अवधि भी बढ़ा दी है।



### हुंडई ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की

मारुति सुजुकी की बिक्री नवरात्रि के पहले दिन 30 हजार इकाई के स्तर पर रही जबकि हुंडई ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की।

कामत ने कहा कि कंपनी के लोकप्रिय मॉडल- नेक्सन और पंच की मांग सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, ‘‘बुकिंग आंकड़ा और निर्धारित आपूर्ति के साथ हम त्योहारी मांग पूरी तरह तैयार हैं और नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर आशान्वित हैं।’’मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया ने भी नई जीएसटी व्यवस्था के बाद सोमवार को ग्राहकों की बढ़ी मांग से जोरदार बिक्री दर्ज की।

# सोने में 2,700 और चांदी में 3,220 रुपए की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

- सोना बढ़कर हुआ 1,18,900 रुपए प्रति दस ग्राम




### वीजा शुल्क में बढ़ोतरी से कोषों से निकासी

अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 47 पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे भारतीय आईटी सेवा निर्यात को बड़ा झटका लगने की आशंका है।

### वैश्विक बाजार में सराफा रिकॉर्ड ऊंचाई पर

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,791.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। हाजिर चांदी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 44.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# ओला की ईवी की कीमतें 49,999 रुपए से होंगी शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक ने ‘ओला मुहूर्त महोत्सव’ की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत 23 सितंबर से नौ दिन के लिए उसके एस1 स्कूटर और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल की कीमतें 49,999 रुपये से शुरू होंगी। बेंगलुरु स्थित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि ‘ओला मुहूर्त महोत्सव’ के तहत ग्राहकों को अब पहले कभी न देखी गई कीमतों पर ओला के स्कूटर और मोटरसाइकिल खरीदने का मौका मिलेगा। इसमें कहा गया, इस महोत्सव के तहत एस1 एक्स 2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स 2.5 किलोवाट की कीमत 49,999 रुपये होगी। एस1 प्रो+ 5.2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स+ 9.1 किलोवाट घंटा की कीमत 99,999 रुपये होगी।



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक नीचे आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क काफी बढ़ाये जाने के बीच आईटी तथा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वाहन और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लिवाली ने नुकसान को कम किया। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी प्रमुख रूप नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांक नीचे आए।

- सेंसेक्स 58 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में




### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशियाई बाजारों में, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहा। जापान के शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# रिन्यू एनर्जी ने सौर मॉड्यूल सौर सेल की कीमतें घटाई

**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने नए जीएसटी स्लैब के अनुरूप अपने सौर मॉड्यूल और सौर सेल की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया था। रिन्यू ब्रांड के तहत कार्यरत कंपनी ने कहा कि कीमतों में कटौती से यूटिलिटी स्तर के डेवलपर, रूफटॉप सौर उपभोक्ताओं और किसानों को पर्याप्त बचत होगी। कंपनी के संस्थापक, चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुमंत सिन्हा ने कहा, “भारत के सबसे बड़े एकीकृत सोलर विनिर्माता के रूप में हमें विश्वास है कि यह कदम बड़े डेवलपर से लेकर रूफटॉप उपभोक्ताओं और किसानों तक को सौर ऊर्जा का रुख करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।”



## 90 रुपए के शेयर से 3 महीने में छाप दिए 8,623 करोड़ रुपए

# भारत को मिला एक नया अरबपति ‘श्रीकांत बडवे’

एजेंसी ⏭ मुंबई

बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्रीकांत बडवे ने हाल ही में भारत के अरबपतियों के क्लब में अपनी जगह पक्की कर ली है। उनकी कंपनी के शेयर अब 164.60 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं, जो मई में कंपनी के शुरूआती मूल्य 90 रुपए से करीब 82 प्रतिशत ज्यादा है। श्रीकांत बडवे की कंपनी में उनकी करीब 59.56% हिस्सेदारी है, यानी लगभग 53 करोड़ शेयर, जिनकी कुल कीमत अब 8,623 करोड़ रुपए हो गई है। इससे उनकी संपत्ति और भी बढ़ गई है, जो उन्हें देश के सबसे अमीर उद्यमियों की सूची में शामिल कर देती है।

- बडवे बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक व प्रबंध निदेशक है



### उद्योग जगत में बडवे का प्रभाव

*श्रीकांत बडवे सिर्फ एक सफल बिजनेसमैन ही नहीं हैं, बल्कि वे महाराष्ट्र सरकार की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य भी हैं। इसके अलावा, वे मैग्नेटिक महाराष्ट्र और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं, जहां उन्होंने सचिन तेंदुलकर, माधुरी दीक्षित और शंकर महादेवन जैसे नामचीन हस्तियों के साथ मिलकर राज्य और देश की आर्थिक विकास योजनाओं का प्रचार किया है।*

### कैसे बनी ये कामयाबी?

श्रीकांत बडवे की सफलता की कहानी छोटी सी शुरुआत से लेकर बड़े उद्योग तक का सफर है। उन्होंने निरंतर मेहनत और तकनीक के साथ अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते ट्रेंड को समझते हुए अपने उत्पादों को उसमें भी फिट किया। यही वजह है कि कंपनी का शेयर मूल्य तेजी से बढ़ा है।

### ये प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी

बेलराइज इंडस्ट्री की देश भर में 17 से ज़्यादा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है, जिसका कारोबार 7,000 करोड़ रुपए से ज़्यादा है और यह दोपहिया, तिपहिया, चार पहिया, वाणिज्यिक वाहनों और अन्य वस्तुओं के लिए पुर्जे बनाती है।बेलराइज़ इंडस्ट्रीज ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में महारत रखती है। इसके पोर्टफोलियो में मेटल चेसिस सिस्टम, पॉलीमर कंपोनेंट, सस्पेंशन सिस्टम, बॉडी-इन-व्हाइट कंपोनेंट और एग्जॉस्ट सिस्टम शामिल हैं। कंपनी के उत्पाद मुख्यतः इलेक्ट्रिक और आंतरिक दहन इंजन दोनों प्रकार के वाहनों के लिए उपयुक्त हैं, जिससे यह बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए है।

## बिजनेस साइट

# एटी गणेश झांकी अवार्ड के विजेताओं की घोषणा ‘ऑपरेशन सिंदूर’ झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

**रायपुर।** शहर के कोतवाली चौक स्थित एटी पैलेस में ‘गणेश झांकी अवार्ड 2025’ का भव्य आयोजन अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा किया गया। इस अवसर पर विविध गणेश झांकियों को सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक संदेश देने के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष प्रथम पुरस्कार श्री विनायक गणेश उत्सव समिति, गंजपारा को मिला, जिनकी झांकी ‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर आधारित थी। 31,000 रु नगद राशि और गोल्ड ट्रॉफी से इस झांकी को सम्मानित किया गया। द्वितीय पुरस्कार श्री नवयुवक बाल समाज गणेश उत्सव समिति, बंजारी चौक को उनकी झांकी ‘रावण द्वारा इंद्रलोक के लिए युद्ध’ के लिए प्रदान किया गया, जिसे 21,000 रु नगद और सिल्वर ट्रॉफी प्राप्त हुई। वहीं तृतीय पुरस्कार श्री आजाद बाल समाज, तेलीपारा को ‘नशा मुक्ति अभियान’ पर आधारित झांकी के लिए मिला। इन्हें 11,000 रु नगद और ब्रॉन्ज ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एटी ज्वेलर्स के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया, डायरेक्टर निकेश बरड़िया (कोषाध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, छत्तीसगढ़) और डायरेक्टर नितिन बरड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न, नगद पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त सभी झांकियों के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन स्वरूप चांदी का सिक्का भेंट किया गया।



### नवरात्रि स्पेशल ऑफर : चैतन्या ग्रीन्स में 2 बीएचके फ्लैट्स मात्र 32 लाख रुपए से शुरू

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सड्डू विधानसभा रोड स्थित चैतन्या ग्रीन्स ने नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस ‘नवरात्रि स्पेशल धमाका’ में 2 बीएचके फ्लैट्स की कीमत मात्र 32 लाख रुपए से शुरू हो रही है। इस आकर्षक ऑफर के तहत स्टाम्प ड्यूटी पूरी तरह से मुफ्त रखी गई है, साथ ही प्रत्येक घर में मॉड्यूलर किचन भी फ्री में उपलब्ध कराया जा रहा है। चैतन्या ग्रीन्स के प्रमोटर एवं डेवलपर अशोक खूबचंदानी ने बताया कि यह आवासीय प्रोजेक्ट राजधानी का भरोसेमंद नाम बन चुका है। प्रोजेक्ट में अब तक 300 से अधिक परिवार रह रहे हैं। खूबचंदानी के अनुसार, प्रोजेक्ट में पॉडियम गार्डन, स्विमिंग पूल, क्लब हाउस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो इसे अन्य प्रोजेक्ट्स से अलग बनाती हैं। महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्टाम्प ड्यूटी फ्री की सुविधा इस नवरात्रि ऑफर को और भी खास बना रही है।



स्टाम्प ड्यूटी और मॉड्यूलर किचन फ्री

### आयुर्वेद का शंखनाद : आचार्य बालकृष्ण एक बार फिर विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

**हरिद्वार।** भारतीय आयुर्वेद को वैश्विक मान्यता दिलाने वाले आचार्य बालकृष्ण को एक बार फिर स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में सम्मिलित किया गया है। यह उपलब्धि न केवल पतंजलि परिवार, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है। आचार्य बालकृष्ण ने प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और आयुर्वेद पर आधारित 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में करवाया है। उनके नेतृत्व में पतंजलि ने 100 से अधिक वैज्ञानिक प्रमाणों से युक्त औषधियों का निर्माण कर आमजन को एलोपैथिक दवाओं के विकल्प उपलब्ध कराए हैं। योग और आयुर्वेद पर 120 से अधिक पुस्तकों तथा 25 अप्रकाशित पांडुलिपियों का लेखन, उनके समर्पण का प्रमाण है। उनकी दूरदर्शिता से तैयार हर्बल एनसाइक्लोपीडिया को विश्व वैज्ञानिक समुदाय द्वारा सराहना मिल रही है। स्वामी रामदेव ने इसे भारत की अनुसंधान क्षमता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।



## खबर संक्षेप



### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच खेलेगी मैच

**तिरूवनंतपुरम**। लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी।

### हैंपशर के खिलाफ मैच के लिए राहुल चाहर सर्रे टीम में



**लंदन**। भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिये सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जायेगा । सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिये खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितंबर की शुरूआत में काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के लिये रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा ,'' लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैम्पियनशिप के आखिरी मैच के लिये टीम में हैं ।

# महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने 15, स्मृति और बेट्स ने जड़े 13-13 शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों ने वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने कई बार साबित किया है। इस प्रारूप में कई बल्लेबाजों ने यादगार शतकों से टीम को जीत दिलाई है। कुछ खिलाड़ी तो लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं और कई शतक जड़ दिए हैं। ऐसे में आइए वनडे क्रिकेट के इतिहास में उन महिला खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किए हैं।



### मेग लैनिंग (15 शतक)

इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मेग लैनिंग हैं। उन्होंने 2011 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2023 में ये प्रारूप खेलती हुईं नजर आईं थीं। उन्होंने 103 मुकाबलों की 102 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 15 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 53.51 की औसत से 4,602 रन निकले हैं। लैनिंग ने 21 अर्धशतक भी लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन रहा है।

### स्मृति मंधाना और सूजी बेट्स (13-13 शतक)

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 2 खिलाड़ी स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सूजी बेट्स हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने वनडे करियर में 13-13 शतक जड़े हैं। मंधाना 108 मुकाबलों की 108 पारियों में ये शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 47.92 की औसत से 4,888 रन निकले हैं। बेट्स ने 171 मैचों की 164 पारियों में 39.83 की औसत से 5,896 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 37 अर्धशतक भी निकले हैं।



### टैमी ब्यूमोंट (12 शतक)

इस सूची में तीसरे स्थान पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट हैं। उन्होंने साल 2009 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 132 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 122 पारियों में 12 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 41.16 की औसत से 4,528 रन निकले हैं। ब्यूमोंट ने अपने वनडे करियर में 23 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 168* रन रहा है।

### इन खिलाड़ियों ने जड़े हैं 9 शतक

महिला वनडे क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 9-9 शतक लगाए हैं। ये खिलाड़ी हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), लौरा वोलवर्ट्ड (दक्षिण अफ्रीका), नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) और चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) हैं। इन खिलाड़ी में सबसे ज्यादा रन एडवर्ड्स के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 191 मैचों की 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 46 अर्धशतक भी निकले हैं।

**एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से**

# विजय रथ पर सवार टीम इंडिया का मुकाबला आज बांग्लादेश से

## शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में सुपर-4 के चौथे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना आज 24 सितंबर बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और वह विजयी क्रम को बरकरार रखना चाहेगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 में अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया है। ऐसे में वह भी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं अगर बात की जाए दोनों टीमों की तो बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह महामुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जायेगा।

### बांग्लादेश के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

एशिया कप के वनडे और टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 15 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 13 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं। टी-20 प्रारूप में दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों में ही भारतीय टीम को जीत मिली है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दोनों टीमें 17 बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत ने 16 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम ने सिर्फ एक मैच जीता है।



### विजयरथ पर सवार है भारत

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है. टीम इंडिया ने खेले गए अब तक 4 मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं, बांग्लादेश की बात करें, तो उसने पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर उनके विजयरथ पर विराम लगाया था। इसलिए टीम इंडिया बांग्लादेशी टीम को हल्के में नहीं ले सकती।

### बुमराह से टीम को दमदार प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से फिर से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन फिर मध्यक्रम को संभालते दिखाई दे सकते हैं। जसप्रीत बुमराह से टीम को इस बार दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### चोटिल हुए बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास



बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम से भिड़ना है। 24 सितंबर को होने वाले इस मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास चोटिल हो गए हैं। दरअसल, 22 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। अब उनके भारत के खिलाफ अगले मैच में खेलने को लेकर स्पष्टता नहीं है। खबरों के मुताबिक, लिटन को नेट पर स्क्वायर कट का प्रयास करते समय कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

**एशिया कप 2025**

# शाहीन की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने सुपर-4 मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हरा दिया। अबुधाबी में खेले गए मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 133/8 का स्कोर बनाया। जवाब में पाकिस्तानी टीम ने 18 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। यह सुपर-4 में श्रीलंका की लगातार दूसरी हार है। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ 5 हार के बाद टी-20 मैच जीतने में सफलता हासिल की। बता दें कि पाकिस्तान ने 2017 के बाद से श्रीलंका के खिलाफ कोई टी-20 मैच जीता है।

### अफरीदी ने लिए 3 विकेट

शाहीन ने पारी की दूसरी ही गेंद पर विपक्षी सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस को आउट करते हुए विकेटों का खाता खोला। उन्होंने नई गेंद से घातक गेंदबाजी करते हुए अपने दूसरे ओवर में पथुम निसांका को पवेलियन की राह दिखाई। इस पाकिस्तानी प्रमुख तेज गेंदबाज ने आखिरी ओवरों के दौरान कामिंदु मेंडिस को अपना शिकार बनाया। उन्होंने अपने 4 ओवर में 28 रन देते हुए ये 3 सफलताएं हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकर के पथुम निसांका (8) और कुसल मेंडिस (0) सस्ते में आउट हुए। सलामी बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कामिंदु ने 50 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान चरित असलंका ने 20 रन का योगदान दिया और श्रीलंका ने 133/8 का स्कोर बनाया।

**क्रिकेट**

# हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा।

कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

# धीमी गति से ओवर फेंकने पर महिला टीम इंडिया पर जुर्माना



**नई दिल्ली**। आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने वाली है, लेकिन उससे पहले भारतीय महिला टीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते सीरीज 2-1 से पिछड़ गई। इस मैच में भारत की महिला टीम वक्त पर मैच को खत्म नहीं कर पाई और स्लो ओवर रेट का शिकार हुई। इसी के चलते आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है, जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।

### मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना

आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि स्लो ओवर रेट के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिये आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत टीम के खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी द्वारा लगाए गए जुर्माने को भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस फैसले को स्वीकार कर लिया है। इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। आपको बता दें, स्लो ओवर रेट का यह आरोप ऑन-फील्ड अंपायर लॉरेन एजेनबाग और जननी नारायणन, थर्ड अंपायर गायत्री वेणुगोपालन और फोर्थ अंपायर वृंदा राठी द्वारा लगाया गया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 8103128515, 0771-4050006 — कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास — डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311

सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध.. — Vrinda Multispeciality Hospital — 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — मो. 7999450384, 7042974029
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर — डॉ. सूरज कुमार चौधरी — डॉ. सुधा अग्रवाल चौधरी
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) — फोन : 0771-2546760, 9300323131

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24x7 — 0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — 7724035770, 9329004557, 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

स्किन क्लिनिक — डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Also available on Flipkart amazon.in

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. **Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. ^Limited period offer, T&C apply. Actual mileage may vary based on road and riding conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिभोरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, सिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, डोंगरगढ़ः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, तिल्दाः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, परोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पदरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, डटपिनाः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com